# समाचार

## कोरबा पश्चिम के विकास हेतु किए जा रहे तेजी से कार्य–महापौर

## (महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने किया विविध कार्यो का लोकार्पण व भूमिपूजन)




कोरबा 26 अगस्त 2016 –महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने कहा है कि निगम के पश्चिम कोरबा क्षेत्र के समुचित विकास के लिए निगम द्वारा निरंतर विकास कार्य कराए जाने के साथ ही जनसमस्याओं के निराकरण हेतु प्रभावी कदम उठाए जा रहे है। उन्होने कहा कि जनता की इच्छा व आवश्यकता के अनुसार विकास कार्यो का संपादन कर आमजन की कठिनाईयों को दूर करना मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

उक्ताशय के विचार महापौर श्रीमती अग्रवाल ने बांकीमोंगरा जोनांतर्गत बांकी चौक में आयोजित भूमिपूजन, लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान व्यक्त किए। नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा बांकी चौक में 03 लाख 60 हजार रूपये की लागत से एल.ई.डी. हाईमास्ट लाईट की स्थापना कराई गई है, आज महापौर श्रीमती अग्रवाल ने उक्त विकास को जनता की सेवा में समर्पित किया। इसी प्रकार 03 लाख 32 हजार रूपये की लागत से बांकी चौक के सौदंर्यीकरण व मरम्मत कार्य के साथ ही 03 लाख 02 हजार रूपये की लागत से बांकी चौक से सोमवारी बाजार तक सड़क मरम्मत का कार्य निगम द्वारा कराया जाना है, इन दोनों विकास कार्यो का भूमिपूजन एवं शिलान्यास पट्टिका का अनावरण महापौर श्रीमती अग्रवाल द्वारा किया गया। इस मौके पर काफी संख्या में उपस्थित नागरिकों को संबोधित करते हुए महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने आगे कहा कि मुझे प्रसन्नता है कि कोरबा पश्चिम क्षेत्र की सबसे बड़ी समस्या पेयजल की समस्या के समाधान के लिए निगम द्वारा कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है तथा आगे आने वाले समय में सम्पूर्ण कोरबा पश्चिम क्षेत्र में पेयजल की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित हो सकेगी। उन्होने कहा कि निगम क्षेत्र की सभी बस्तियों, ग्रामों एवं मोहल्लों में बिजली की सुविधा उपलब्ध कराना मेरी सर्वप्राथमिकता है, निगम द्वारा इस दिशा में भी तेजी से कार्य किए जा रहे है तथा आगे आने वाले डेढ़–दो वर्षो के अंदर सभी विद्युतविहीन बस्तियों में बिजली की सुविधा मुहैया करा दी जाएगी।

**की आमजन से भेंट, जानी समस्याएं**–लोकार्पण व भूमिपूजन कार्यक्रम सम्पन्न होने के पश्चात महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने वहां के नागरिकों से भेंट कर उनकी आवश्यकताओं एवं समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की तथा कहा कि आप बिना किसी संकोच के अपनी विकास परक आवश्यकताओं व समस्याओं की जानकारी मेरे साथ साझा करें, निश्चित रूप से सभी समस्याओं का क्रमशः निराकरण निगम द्वारा किया जाएगा। इस मौके पर उपस्थित नागरिकों ने विभिन्न कार्यो से संबंधित समस्याओं की जानकारी महापौर के समक्ष रखी, जिस पर उन्होने त्वरित रूप से आवश्यक कार्यवाही किए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिये।

लोकार्पण व भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान निगम के सभापति धुरपाल सिंह कंवर, मेयर इन काउंसिल सदस्य दिनेश सोनी एवं भुनेश्वरी देवी, पार्षद रूपादेवी मनहर व पंचकुंवर पटेल, महिला कांग्रेस की प्रदेश महामंत्री कुसुम द्विवेदी, पूर्व पार्षद महेश अग्रवाल, सनीष कुमार, टीकाराम मनहर, विनोद दास महंत, प्रदीप अग्रवाल, निगम के कार्यपालन अभियंता आर.के. चौबे, सहायक अभियंता भूषण उरांव एवं प्रकाश चन्द्रा, उप अभियंता सुनील तांडे, हरगोविंद सिंह, मनीराम देवांगन, एस.के. विश्वास, गौतम यादव, बबलू महाराज, बंटी गुप्ता, राजेश चौहान, सोनू आनंद, प्रवीण कुमार आदि के साथ काफी संख्या में नागरिकगण उपस्थित थे।